# Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 15 दिसंबर, 2022

## एन. कोटिश्वर

सर्वोच्च न्यायालय समिति ने गुवाहाटी उच्च न्यायालय के **जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह** को **जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख** उच्च न्यायालय का **चीफ जस्टिस नियुक्त** करने की **सिफारिश** की है। सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश **डीवाई चंद्रचूड़** की अध्यक्षता में इस समिति की सिफारिश को केंद्र सरकार की मंज़ूरी मिलने के पश्चात राष्ट्रपति की ओर से अधिसूचना जारी की जाएगी। उक्त समिति ने जम्मू कश्मीर के पूर्व चीफ जस्टिस पंकज मित्थल को सर्वोच्च न्यायालय में जस्टिस नियुक्त करने संबंधी भी सिफारिश की है। जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख के **चीफ जस्टिस अली मोहम्मद मागरे** 8 दिसंबर को सेवानिवृत्त हुए थे। इसके बाद उच्च न्यायालय के **जस्टिस ताशी रबस्तान को कार्यवाहक चीफ जस्टिस बनाया गया।** अतः अब राष्ट्रपति द्वारा जारी अधिसूचना के माध्यम से **चीफ जस्टिस की नियुक्ति कर दी जाएगी। 1 मार्च, 1963 को जन्मे जस्टिस एन. कोटिश्वर** को वर्ष **2008** में गुवाहाटी उच्च न्यायालय द्वारा वरिष्ठ वकील के रूप में नामित किया गया था **गुवाहाटी उच्च न्यायालय के तत्कालीन चीफ जस्टिस अजय लांबा** के सेवानिवृत्त होने के बाद **वर्ष 2020 में कोटिश्वर सिंह को कार्यवाहक चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया था।**

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन

ब्रिटेन, फ्राँस और संयुक्त अरब अमीरात ने **संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद** में भारत की स्थायी सदस्यता हेतु समर्थन व्यक्त किया है। भारत **दिसंबर 2022** के लिये **संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद** की **अध्यक्षता** कर रहा है। **ब्रिटेन की स्थायी प्रतिनिधि डेम बारबरा** के अनुसार सुरक्षा परिषद को विश्व के लिये **अधिक प्रतिनिधित्व वाली संस्था बनाने** और **स्थायी तथा अस्थायी श्रेणियों में परिषद के विस्तार** की आवश्यकता है। **फ्राँस के स्थायी प्रतिनिधि निकोलस डी रिविएरे** ने कहा कि उनका देश नई ताकतों के उभार और सुरक्षा परिषद में स्थायी की ज़िम्मेदारी उठाने की सक्षमता पर गौर करते हुए सुरक्षा परिषद के विस्तार का समर्थन करता है। **अतः फ्राँस भी जर्मनी,ब्राज़ील, भारत और जापान की स्थायी सदस्यता का समर्थन करता है।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा में बहुपक्षवाद के रुझान के बारे में आयोजित खुली बहस में **संयुक्त अरब अमीरात** ने भी संयुक्त राष्ट्र में भारत की उपस्थिति के महत्त्व का समर्थन किया है। **संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिये प्रमुख वैश्विक संस्था है।** सुरक्षा परिषद संयुक्त राष्ट्र का **प्रमुख संकट प्रबंधक निकाय** है, जिसे शांति बनाए रखने के लिये संयुक्त राष्ट्र के **193 सदस्यों** हेतु बाध्यकारी दायित्व लागू करने का अधिकार है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-15-december-2022